**आकाशवाणी शिमला**

**03.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे**

**सेमिकॉन इंडिया**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में सेमिकॉन इंडिया–2025 में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में उद्योग जगत प्रमुख, भारत में सेमीकंडक्टर प्रणाली और इसके विकास पर विचार–विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री बैठक के दौरान पूरे विश्व से आए मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार में भारत के प्रमुख साझेदार बनने की संभावनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने युवा उद्यमियों और स्टार्टअप उद्यमों से भारत की सेमीकंडक्टर डिज़ाइन क्षमता और नवाचार अनुकूलता का लाभ उठाने का आग्रह किया।

**हादसा**

मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल के जंगम बाग में कल शाम पहाड़ी से अचानक आए मलबे में दो घर दब गए। अब तक इस हादसे में छह लोगों के शव बरामद हो चुके हैं। रात भर से चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है। मौके पर पूरा प्रशासन मौजूद है। ताजा जानकारी के साथ हमारे मंडी संवाददाता–

*हिमाचल प्रदेश के मंडी ज़िले के सुंदरनगर उपमंडल के जमंगबाग में कल शाम भूस्खलन से दर्दनाक हादसा हो गया। पहाड़ी का हिस्सा दरक कर बीबीएमबी कॉलोनी में बने दो मकानों पर आ गिरा। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है, जिनमें एक ही परिवार के चार सदस्य भी शामिल हैं। हादसे के बाद रातभर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और होमगार्ड की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी रहीं। बुधवार सुबह तक मलबे से सभी छह शव निकाल लिए गए थे। इस हादसे को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मकानों के पास विभाग द्वारा कटिंग और पाइप डालने का काम चल रहा था, जो बरसात के बाद किया जा सकता था। उनका आरोप है कि यही लापरवाही इस बड़ी त्रासदी की वजह बनी। अकाशवाणी समाचार के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद*

**मौसम**

प्रदेश में बीते चार दिनों से लगातार वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज राज्य के चार जिलों कांगड़ा, मंडी, सिरमौर और किन्नौर में भारी वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि उना और बिलासपुर में भारी वर्षा का येलो अलर्ट है। विभाग के अनुसार कल चार सितंबर से प्रदेश में भारी वर्षा से कुछ राहत मिलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि अभी तक मॉनसून सीजन के दौरान सामान्य से 42 फीसदी ज्यादा बारिश हुई है। प्रदेश में वर्षा जनित घटनाओं में 340 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा चार राष्ट्रीय उच्च मार्ग जबकि 1 हजार 3 सौ 34 सड़कें यातायात के लिए बंद पड़ी हैं। बांधों में बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए इनसे नियमित तौर पर पानी छोड़ा जा रहा है। भाखड़ा बांध से आज टरबाइनों व फलड गेटों के माध्यम से 65 हजार 42 क्यूसेक जबकि पौंग बांध से 79 हजार 6 सौ 59 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। ऐसे में लोगों से एहतियात बरतने की भी अपील की गई है। मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए आज आठ जिलों में सभी शिक्षण संस्थानों को बंद रखे गए हैं, वहीं उना, किन्नौर और मंडी जिलों के कुछ उपमंडलों के शिक्षण संस्थानों में अवकाश रहेगा।

**मौसम–2**

इधर, चंबा जिले में मूसलाधार बारिश से रावी नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। नदी के प्रभाव से शीतला पुल की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त होने के साथ सड़क का एक भाग नदी में समा गया है। ज्यादा जानकारी के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता

*चंबा जिला में पिछले 3 दिन से जारी भारी वर्षा से जनजीवन बुरी तरह अस्त–व्यस्त हुआ है। वहीं, मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे यात्रियों का रेस्कूय जारी है। लेकिन ये बारिश इस रेस्कयू अभियान में बाधा बन गई है। रास्ते अवरूद्व होने से प्रशासन को दिक्कतें हो रही हैं, वही बात करें रावी नदी की तो चंबा की जीवनदायिनी रावी नदी इन दिनों पूरे उफान पर हैं। नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जो खतरे के निशान तक पहुंच गया है। यहीं मंजर 1995 में भी देखने को मिला था और रावी के इसी प्रवास के कारण लोगों को अपने घरों को छोड़कर पलायन करना पड़ा था। आकाशवाणी के लिए चंबा से मैं विकास ठाकुर*

इधर, कुल्लू शहर के अखाड़ा बाजार में गत रात भूस्खलन के चलते एक मकान के उपर भारी मलबा आ गया। घटना में दो लोग लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

**जीएसटी बैठक**

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक आज नई दिल्ली में शुरू होगी। दो दिन तक चलने वाली इस बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन करेंगी।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से.....**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–**अब सरकारी विभागों का होगा युक्तिकरण, मर्ज भी होंगे।** जबकि पंजाब केसरी व दैनिक जागरण के एक जैसे शब्द हैं–**आपदा प्रभावितों की मदद के लिए अपने खर्चों में कटौती करेगी सरकार।** दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–**हिमाचल में लैंडस्लाइड से छह और मौतें।** दैनिक भास्कर का शीर्षक है–**बारिश व भूस्खलन से 1 हजार 3 सौ 34 सड़कें अब भी बंद, लाहौल और किन्नौर में हुई बर्फबारी।**